**KEVIN PARK** का वक्तव्य

**सदस्य,** Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 7**

**व्यवसाय:** वैज्ञानिक, अध्यापक, इंजीनियर

**शिक्षा एवं योग्यता:**

सैंटा क्लारा के एक जुड़े हुए निवासी के तौर पर मैंने काफी कुछ सीखा है। सैंटा क्लारा सिस्टर सिटीज़ असोशिएशन और सिटिज़न अड्वायज़री कमेटी से जुड़े रहने के दौरान तथा सिटी काउंसिल और प्लानिंग कमीशन में अपनी उपस्थिती और अपने पड़ोस के लिए मजबूत समर्थन से मुझे अपने शहर और लोगों के बारे में जानने का मौका मिला। जनरल प्लान स्टीयरिंग कमेटी में मैंने अपने शहर के लिए लंबी अवधि के विजन को बनाने में मदद की जिसे देखने पर बाद में पता चला कि काउंसिल की अनुमतियों ने मूल डिज़ाइन में गड़बड़ियाँ कर दी हैं।

आइए उस विजन को फिर से सहेजें, सिर्फ विकास की जगह नियोजन को भी महत्व दें, प्रकृति के संरक्षण के साथ ही घरों और परिवारों के साथ नए समुदायों का निर्माण करें। आइए निर्माकर्ताओं को वह सब कुछ दें जो उन्हें शहर को फिर से विकसित करने के लिए चाहिए। आइए अपने शहर को पुनर्जीवित करें और लोगों की आवाज़ सरकार तक पहुंचाएँ। शहर के सीनियर सेंटर, पुस्तकालयों, पार्कों जैसे संसाधनों की उपयोगिता बढ़ाएँ। आइए सड़कें, सीवर और खुली जगहों जैसी अधोसंरचनागत चीजों पर ध्यान केन्द्रित करें ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को बेहतर सैंटा क्लारा दे सकें जहां विकास के अवसर और रहने की वजहें हों।

www.kevinpark.org